# INTERMEDIATE EXAMINATION-2025
## इन्टरमीडिएट परीक्षा–2025
## ( ANNUAL / वार्षिक )
## HISTORY (Theory)
## इतिहास ( सैद्धान्तिक )
## I.A.

कुल प्रश्न : 100+30+8 = 138

**Total Questions : 100+30+8 = 138**

विषय कोडः
**Subject Code:** **321**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट) (पूर्णांक :100)

**[Time : 3 Hours 15 Minutes]** **[Full Marks:100]**

---

*परीक्षार्थियों के लिए निर्देशः*

***Instructions for the candidates:***

1. *परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।*

   *Candidates must enter his/her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.*

2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*

   *Candidates are required to give answers in their own words as far as practicable.*

3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिए हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*

   *Figures in the right hand margin indicate full marks.*

4. *प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*

   *15 minutes of extra time have been allotted for the candidates to read the questions carefully.*

5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है – खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।*

*This Question booklet is divided into two sections-**Section-A** and **Section-B**.*

6. *खंड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 प्रश्नों का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को नीले/काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।*

   *In section A, there are 100 objective type questions, out of which any 50 questions are to be answered. If more than 50 questions are answered, then only first 50 questions will be evaluated. Each question carries one mark. For answering these darken the circle with blue/black ball pen against the correct option on the OMR Answer Sheet provided to you. Do not use whitener/liquid/blade/nail etc. on OMR Answer sheet /otherwise the result will be treated invalid.*

7. *खंड–ब में, 30 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। इनके अतिरिक्त इस खण्ड में 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है। जिनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।*

   *In Section-B, there are 30 sheet answer type questions, each carrying 2 marks, out of which any 15 questions are to be answered. Apart from this, there are 8 long answer type questions, each carrying 5 marks, out of which any 4 questions are to be answered.*

8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।*

   *Use of any electronic appliances is strictly prohibited.*

## खण्ड – अ / SECTION-A
## वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

*प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रष्न के लिए चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। आपको 100 प्रष्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों का ही उत्तर देना है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को* ***OMR*** *षीट पर चिन्हत करें।* $\mathbf{50 \times 1 = 50}$

*Questions nos. 1 to 100 have four options, out of which only one is correct. Out of 100 questions any 50 questions are to be answered. You have to mark, your selected option on the OMR-sheet.* $50 \times 1 = 50$

1. निम्नलिखित में से कौन सा पुरातत्व के अंतर्गत नहीं आता है?

(A) अभिलेख (B) पुराना मंदिर

(C) साहित्य (D) सिक्के

Which of the following does not come under archaeology?

(A) Inscription (B) Old temple

(C) Literature (D) Coins

2. जुते हुए खेत का साक्ष्य कहाँ मिला है?

(A) बनावली (B) कालीबंगन

(C) हड़प्पा (D) शोर्तुघई

Where has evidence of a ploughed field been found?

(A) Banawali (B) Kalibangan

(C) Harappa (D) Shortughai

3. सिंधु निवासी किस धातु का उपयोग नहीं करते थे?

(A) सोना (B) चांदी

(C) तांबा (D) लोहा

Which metal was not used by the Indus People?

(A) Gold (B) Silver

(C) Copper (D) Iron

4. मेसोपोटामिया के लेख में किसे नाविकों का देश कहा गया है?

(A) दिलमुन (B) मगान

(C) मेलुहा (D) इनमें से सभी

Who is refered to as land of seafarer Mesopotamia texts?

(A) Dilmun (B) Magan

(C) Meluhha (D) All of these

5. सबसे लंबे हड़प्पा शिलालेख में कितने चिन्ह हैं?

(A) 6 (B) 12

(C) 16 (D) 26

The longest Harappah inscsibtion contains how may sign?

(A) 6 (B) 12

(C) 16 (D) 26

6. हरप्पाई मुहर पर कनिंघम ने कब रिपोर्ट दिया?

(A) 1856 (B) 1875

(C) 1921 (D) 1922

When did Cunningham report on the Harappah real?

(A) 1856 (B) 1875

(C) 1921 (D) 1922

7. राजगाह (राजगीर) किस महाजनपद की राजधानी थी?

(A) कोशल (B) पांचाल

(C) गांधार (D) मगध

Rajagaha ( Rajgir ) was the capital of which Mahajanpada?

(A) Koshala (B) Panchala

(C) Gandhara (D) Magadha

8. अर्थशास्त्र किसने लिखा?

(A) कौटिल्य (B) अशोक

(C) मेगास्थनीज (D) हरिषेण

Who wore Arthashastra?

(A) Kautilya (B) Ashoka

(C) Megasthense (D) Harisena

9. 1944 में भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के डायरेक्टर जनरल कौन बने?

(A) जॉन मार्शल (B) आर.ई.एम. व्हीलर

(C) कनिंघम (D) एस.आर.राव

Who became the Director General of the Archaiological Servey of India in 1944?

(A) John Marshall (B) R.E.M. Wheeler

(C) Cunningham (D) S.R.Rao

10. धम्म महामात्र की नियुक्ति किसने की?

(A) अशोक (B) अजातशत्रु

(C) चंद्रगुप्त मौर्य (D) बिंबिसार

Who appointed Dhamma mahamatra?

(A) Ashoka (B) Ajatashatru

(C) Candragupta Mauraya (D) Bimbisara

11. प्रयाग प्रशस्ति की रचना किसने की?

(A) हरिषेन (B) कौटिल्य

(C) मेगास्थनीज (D) समुद्रगुप्त

Who composed prayaga prashasti?

(A) Harisena (B) Kautilya

(C) Megasthenes (D) Samudragupta

12. तमिल संगम साहित्य में आणिमई किसे कहा जाता था?

(A) हलवाहा (B) किसान

(C) दास (D) बड़े जमींदार

Who was called Adimai in Tamil Sangam literature?

(A) Ploughmen (B) Peasants

(C) Slaves (D) Large landowners

13. पाली भाषा में गहपति किसे कहा जाता था?

(A) दास (B) हलवाहा

(C) किसान (D) इनमें से कोई नहीं

Who was called Gahpati in Pali Language?

(A) Slaves (B) Ploughmen

(C) Peasants (D) None of these

14. चन्द्रगुप्त द्वितीय का शासनकाल क्या था ?

(A) 275–315 ई (B) 375–415 ई

(C) 335–375 ई (D) 235–275 ई

What was the reign of Chandragupta II ?

(A) 275-315 AD (B) 375-415 AD

(C) 335-375 AD (D) 235-275 AD

15. प्रभावती गुप्त किसकी पुत्री थी?

(A) चन्द्रगुप्त प्रथम (B) चन्द्रगुप्त द्वितीय

(C) समुद्रगुप्त (D) अशोक

Whose daughter was Prabhavati Gupta?

(A) Candragupta I (B) Candragupta II

(C) Samudragupta (D) Ashoka

16. चीनी तीर्थयात्री फाहियान कब भारत आया?

(A) पहली शताब्दी ई.पू (B) तीसरी शताब्दी ई.पू

(C) पाँचवीं शताब्दी ई.पू (D) सातवीं शताब्दी ई.पू

When did the Chinese Pilgrim Hien come to India?

(A) First century AD (B) Third century AD

(C) Fifth century AD (D) Seventh century AD

17. चीन के महान दार्शनिक कौन थे?

(A) जरथुस्त्र (B) कन्फ्यूशियस

(C) सुकरात (D) अरस्तू

Who was the great philosopher of China?

(A) Zarathustra (B) Confucius

(C) Socrates (D) Aristotle

18. ऋग्वेद में किस देवता की स्तुति है?

(A) अग्नि (B) इंद्र

(C) सोम (D) इनमें से सभी

Which god is praised in the Rigved?

(A) Agni (B) Indra

(C) Soma (D) All of these

19. तक्षशिला किस महाजनपद की राजधानी थी?

(A) कंबोज (B) गांधार

(C) शुरसेन (D) पांचाल

Taxila was the capital of which mahajanpada?

(A) Kamboja (B) Gandhara

(C) Surasena (D) Panchala

20. यौधेय गणराज्य ने किस धातु के सिक्के जारी किये थे?

(A) सोना (B) चांदी

(C) तांबा (D) लोहा

Which metal coins was issued by Yaudheya republic?

(A) Gold (B) Silver

(C) Copper (D) Iron

21. अशोक के ब्राह्मी शिलालेखों का अर्थ सर्वप्रथम किसने लगाया?

(A) कोलिन मैकेंजी (B) जेम्स प्रिंसेप

(C) कनिंघम (D) व्हीलर

Who first deciphered the Brahmi Inscriptions of Ashoka?

(A) Colin mackenzie (B) James Prinsep

(C) Cunningham (D) Wheeler

22. सुदर्शन झील का पुनर्निर्माण करने वाले शक शासक रुद्रदामन का शिलालेख किस भाषा में लिखा गया था?

(A) पाली (B) प्राकृत

(C) संस्कृत (D) तमिल

Inscription of shaka ruler Rudradaman who rebuilt sudarshan lake was written in which language?

(A) Pali (B) Prakrit

(C) Sanskrit (D) Tamil

23. बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?

(A) शाक्य (B) गौतम

(C) आनंद (D) सिद्धार्थ

What was Buddha's childhood name?

(A) Sakya (B) Gautam

(C) Ananda (D) Siddhartha

24. बुद्ध को ज्ञान कहाँ प्राप्त हुआ था?

(A) वैशाली (B) बोधगया

(C) सारनाथ (D) लुम्बिनी

Where did Buddha attain enlightenment?

(A) Vaishali (B) Bodh Gaya

(C) Sarnath (D) Lumbini

25. सांची स्तूप की खोज कब हुई?

(A) 1774 (B) 1784

(C) 1818 (D) 1854

When was Sanchi stupa discovered?

(A) 1774 (B) 1784

(C) 1818 (D) 1854

26. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर कौन थे?

(A) पार्श्वनाथ (B) महावीर

(C) ऋषभदेव (D) अजितनाथ

Who was the 24th tirthankara of Jainism?

(A) Parshvanatha (B) Mahavira

(C) Rishabhdev (D) Ajitnath

27. अल–बिरूनी ने 'किताब–उल–हिन्द' किस भाषा में लिखी?

(A) अरबी (B) फारसी

(C) उर्दू (D) हिब्रू

In which language did Al-Biruni write Kitab-ul-hind?

(A) Arabi (B) Persian

(C) Urdu (D) Hebrew

28. इब्न बतूता को किसने दिल्ली का काजी नियुक्त किया?

(A) सुल्तान महम्मूद (B) मुहम्मद बिन तुगलक

(C) बलबन (D) अकबर

Who appointed Ibn Battuta as the gazi of Delhi?

(A) Sultan Mahammad (B) Muhammad Bin Tughlaq

(C) Balban (D) Akbar

29. 'ट्रैवल्स इन द मुगल एम्पायर' के लेखक कौन थे?

(A) रॉबर्टो नोबिली (B) बारबोसा

(C) टैवर्नियर (D) फ्रांसिस बर्नियर

Who was the author of 'Travels in the Mughal Empire'?

(A) Roberto Nobili (B) Barbosa

(C) Tavernier (D) Francois Bernier

30. निम्नलिखित में से कौन यूरोपीय यात्री भारत में ही बस गया ?

(A) बर्नियर (B) टैवर्नियर

(C) मनूची (D) इब्न बतूता

Who among the following European Travelles rettled in India?

(A) Bernier (B) Tavernier

(C) Manucci (D) Ibn Battuta

31. पुरी उड़ीसा में पूजे जाने वाले भगवान जगन्नाथ किस देवता के रुप है?

(A) ब्रह्मा (B) विष्णु

(C) शिव (D) इनमें से कोई नहीं

Lord Jagannatha worshipped in Puri, Odisha is a form of which duty?

(A) Brahma (B) Vishnu

(C) Shiva (D) None of these

32. तांत्रिक पूजा पद्धति में किसकी पूजा की जाती थी?

(A) देवी (B) विष्णु

(C) ब्रह्मा (D) कुबेर

Who was warshiped in the tantric worship system?

(A) Goddess (B) Vishnu

(C) Brahma (D) Kuber

33. निम्नलिखित में से कौन स्त्री अलवार संत थी?

(A) अंडाल (B) कराईक्कल अम्मइयार

(C) अप्पार (D) सुंदरार

Who among the following was a women Alvar saint?

(A) Andal (B) Karaikkal Ammaiyar

(C) Appar (D) Sundarar

34. निम्नलिखित में से कौन नयनार संतों की रचना है?

(A) नलयिरा दिव्यप्रबंधम (B) तवरम

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is the composition of Nayanar saints?

(A) Nalayira Divyaprabandham (B) Tevaram

(C) Both (A) and (B) (D) None of these

35. किस देश से आए हुए मुसलमानों को ताजिका कहा जाता था?

(A) तुर्की (B) फारस

(C) ताजिकिस्तान (D) इनमें से कोई नहीं

Muslims coming from which country were called Tajika?

(A) Turkey (B) Persia

(C) Tajikistan (D) None of these

36. निम्नलिखित में से किसे सुल्तान–उल–मशेख कहा जाता था?

(A) निजामुद्दीन औलिया (B) मुइनुद्दीन चिश्ती

(C) कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी (D) नसीरुद्दीन चिराग–ए–दिल्ली

Who among the following was called sultan-ul-Mashaikh?

(A) Nizamuddien Auliya (B) Muinuddin Chishti

(C) Qutubuddin Bakhtiyar kaki (D) Nasiruddin Chirag-i-Delhi

37. खालसा पंथ के पांच प्रतीकों का वर्णन किसने किया?

(A) गुरु अंगद (B) गुरु अर्जुन देव

(C) गुरु तेग बहादुर (D) गुरु गोबिंद सिंह

Who described the five symbols of the khalsa Panth?

(A) Guru Angad (B) Guru Arjun Dev

(C) Guru Tegh Bahadur (D) Guru Gobind Singh

38. गुरु नानक ने किसे अपना उत्तराधिकारी बनाया?

(A) गुरु अर्जुन देव (B) गुरु अंगद

(C) बाबा फरीद (D) गुरु तेग बहादुर

Whom did Guru Nanak make his successor?

(A) Guru Arjun Dev (B) Guru Angad

(C) Baba Farid (D) Guru Tegh Bahadur

39. गुरु ग्रंथसाहिब का अंतिम संकलन किसने किया?

(A) गुरु नानक (B) गुरु अंगद

(C) गुरु तेग बहादुर (D) गुरु गोबिंद सिंह

Who did the final compilication of Guru GranthSahib?

(A) Guru Nanak (B) Guru Angad

(C) Guru Tegh Bahadur (D) Guru Gobind Singh

40. कर्नाटक में वीरशैव परंपरा का उद्‌भव कब हुआ?

(A) छठी शताब्दी (B) नवमी शताब्दी

(C) बारहवीं शताब्दी (D) चौदहवीं शताब्दी

When did the Virasshaiva radition emerge in Karnataka?

(A) Sixth century (B) Ninth century

(C) Twelth century (D) Fourteenth century

41. हरिहर बुक्का ने विजयनगर साम्राज्य की स्थापना कब की?

(A) 1330 (B) 1333

(C) 1336 (D) 1353

When did Harihara Bukka establish the Vijayanagar empire?

(A) 1330 (B) 1333

(C) 1336 (D) 1353

42. सुलुव राजवंश का शासनकाल क्या था?

(A) 1505–1565 (B) 1485–1505

(C) 1336–1485 (D) 1570–1615

What was the reign of Saluva dynasty?

(A) 1505-1565 (B) 1485-1505

(C) 1336-1485 (D) 1570-1615

43. तालीकोटा युद्ध के बाद विजयनगर पर किस राजवंश ने शासन किया?

(A) अराविदु (B) सुलुव

(C) तुलुव (D) संगम

Which dynasty ruled Vijayanagar after the battle of Talikota?

(A) Aravidu (B) Saluva

(C) Tuluva (D) Sangama

44. हम्पी की खोज किसने की?

(A) जॉन मार्शल (B) अलेक्जैंडर ग्रीनलॉ

(C) कॉलिन मैकेन्जी (D) जे.एफ. फ्लीट

Who discovered Hampi?

(A) John Marshall (B) Alexander Greenlaw

(C) Colin Mackenzie (D) J.F. fleet

45. बहमनी राज्य की स्थापना कब हुई?

(A) 1206 (B) 1336

(C) 1347 (D) 1435

When was the Bahmani Kingdom established?

(A) 1206 (B) 1336

(C) 1347 (D) 1435

46. अब्दुर रज्जाक किस देश का राजदूत था?

(A) फारस (B) मोरक्को

(C) मिस्र (D) पुर्तगाल

Abdur Razzaq was the ambassador of which country?

(A) Persia (B) Morocco

(C) Egypt (D) Portugal

47. विजयनगर के राजाओं को क्या कहा जाता था?

(A) नरपति (B) राय

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नही

What were the kings of Vijayanagar called?

(A) Barapati (B) Raya

(C) Both (A) and (B) (D) None of these

48. विजयनगर के संरक्षक देवता कौन थे?

(A) गणेश (B) कार्तिकेय

(C) विरुपाक्ष (D) विष्णु

Who was the guardian deity of Vijayanagara?

(A) Ganesha (B) Kartikeya

(C) Virupaksha (D) Vishnu

49. विजयनगर का विट्ठल मंदिर किस देवता को समर्पित था?

(A) शिव (B) ब्रह्मा

(C) विष्णु (D) कुबेर

To which god was the Vitthal Temple of Vijayanagar dedicated?

(A) Shiva (B) Brahma

(C) Vishnu (D) Kubera

50. अमुक्तमाल्यद किसने लिखा?

(A) राम राय (B) देवराय प्रथम

(C) कृष्णदेव राय (D) बसवन्ना

Who wrote 'Amuktamalyada'?

(A) Rama Raya (B) DevRay I

(C) Krishndev Ray (D) Basavanna

51. किस विदेशी यात्री ने सभा मंडप तथा महानवमी डिब्बा को संयुक्त रुप से विजय भवन कहा?

(A) डोमिंगो पेस (B) फर्नावो नुनिज

(C) निकोलो डो कोंटी (D) अफानासी निकितिन

Which foreign traveler collectively called the audience hall and the mahanavami dibba as the " House of Victory"?

(A) Domingo Pais (B) Fernao Nuniz

(C) Nicolo do Conti (D) Afanasi Nikitin

52. अकबरनामा कितने खण्डों में विभाजित है?

(A) 3 (B) 4

(C) 5 (D) 6

Akbarnama is divided in how many parts?

(A) 3 (B) 4

(C) 5 (D) 6

53. जिन्स–ए–कामिल किस फसल को कहते थे?

(A) खरीफ (B) रबी

(C) नकदी फसलें (D) इनमें से सभी

Which crop was called Jins-i-Kamil?

(A) Kharif (B) Rabi

(C) Cash crops (D) All of these

54. महाराष्ट्र में किसानों के द्वारा दस्तकारों को सेवाओं के बदले में दी गई जमीन, जो वंशानुगत हो गई, क्या कहलाती थी?

(A) मीरास (B) जजमानी

(C) वतन (D) (A) और (C) दोनो

In Maharastra, what was the land gives by farmers to artisans in return for their receives, which becames ancestral, called?

(A) Miras (B) Jajmani

(C) Watan (D) Both A and C

55. भारत में आलू, टमाटर और तम्बाकू कहाँ से आया?

(A) अफ्रीका (B) यूरोप

(C) ऑस्ट्रेलिया (D) लैटिन अमेरिका

Where did potatoes, tomatoes and tobacco come from in India?

(A) Africa (B) Europe

(C) Australia (D) Latien America

56. बादशाहनामा किसने लिखा?

(A) निजामुद्दीन अहमद (B) अब्दुल हमीद लाहौरी

(C) फैजी (D) बदायूँनी

What wrote the Badshahnama?

(A) Nizamuddin Ahmed (B) Abdul Hameed Lahori

(C) Faizi (D) Badayuni

57. आलमगीरनामा किसने लिखवाया?

(A) औरंगजेब (B) शाहजहाँ

(C) जहांगीर (D) बाबर

Who got Alamgirnama written?

(A) Aurangzeb (B) Shahjahan

(C) Jahangir (D) Babar

58. तुजुक–ए–बाबरी की रचना किस भाषा में हुई?

(A) उर्दू (B) तुर्की

(C) फारसी (D) पंजाबी

In which language was Tuzuk-i-Babar composed?

(A) Urdu (B) Turkish

(C) Persian (D) Punjabi

59. ''सुलह–ए–कुल'' का शाब्दिक अर्थ क्या है?

(A) सार्वभौमिक शांति (B) विरासत

(C) संधि (D) मित्रता

What is the literal meaning of Sulh-i-Kul?

(A) Universal peace (B) Inheritance

(C) Treaty (D) Friendship

60. 1526 में पानीपत के प्रथम युद्ध में बाबर ने किसे हराया?

(A) नादिरशाह (B) इब्राहिम लोदी

(C) हेमू (D) राणा सांगा

When did Babar defeat in the first battle of Panipat in 1526?

(A) Nadirshah (B) Ibrahim Lodi

(C) Hemu (D) Rana sanga

61. अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश सेना का कमांडर कौन था, जो बाद में बंगाल का गवर्नर जनरल बना?

(A) कॉर्नवालिस (B) वॉरेन हेस्टिंग्स

(C) कर्जन (D) बेंटिक

Who was the commander of British forces during the Ameican was of independence who later became Governor General of Bangal?

(A) Cornwallis (B) Warren Hastings

(C) Curzon (D) Bentinck

62. 'पांचवीं रिपोर्ट' में क्या शामिल था?

(A) जमींदारों और रैयतों का अर्जियाँ (B) कलेक्टरों की रिपोर्ट

(C) राजस्व विवरणियों से संबंधित सांख्यिकीय तालिकाएँ (D) उपरोक्त सभी

What did the 'Fifth Report' include?

(A) Politician of zamindars and ryots (B) Reports of Collectors

(B) Statistical tables relating to revenue returns (D) All of these

63. 'आनंदमठ' किसकी कृति है?

(A) बंकिम चन्द्र (B) दयानन्द

(C) विवेकानन्द (D) केशवचन्द्र सेन

Whose work is 'Anandmath'?

(A) Bankim Chandra (B) Dayananda

(C) Vivekanand (D) Keshav Chandra sen

64.‘सूर्यास्त कानून’ किस पर लागू था?

(A) रैयत (B) जमींदार
(C) साहूकार (D) इनमें से कोई नही

Who did the ‘Sunset law’ apply to?

(A) Ryat (B) Zamindar
(C) Moneylender (D) None of these

65. ‘दामिन–इ–कोह’ का सीमांकन कब हुआ?

(A) 1813 (B) 1832
(C) 1853 (D) 1855–56

When was ‘Damin-i-Koh’ demarcated?

(A) 1813 (B) 1832
(C) 1853 (D) 1855-56

66. अमेरिका में गृहयुद्ध कब हुआ था?

(A) 1855 (B) 1861
(C) 1880 (D) 1891

When did the civil war take place in America?

(A) 1855 (B) 1861
(C) 1880 (D) 1891

67. दक्कन दंगा आयोग की रिपोर्ट ब्रिटिश पार्लियामेंट में कब पेश की गई?

(A) 1870 (B) 1875
(C) 1878 (D) 1891

When was the Deccan Riots Commission report enabled in the British Parliament?

(A) 1870 (B) 1875
(C) 1878 (D) 1891

68.बहादुर शाह जफर ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व कब किया?

(A) 10 मई 1857 (B) 11 मई 1857

(C) 20 मई 1857 (D) 21 मई 1857

When did Bahadur Shah Zafar take the leadership of revolt of 1857?

(A) 10 may 1857 (B) 11 may 1857

(C) 20 may 1857 (D) 21 may 1857

69. कुशासन का आरोप लगाकर अंग्रेजों ने अवध का अधिग्रहण कब किया?

(A) 1801 (B) 1805

(C) 1851 (D) 1856

When did the British takes over Awadh by accuring it of misrule?

(A) 1801 (B) 1805

(C) 1851 (D) 1856

70. 1857 के विद्रोह के समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था?

(A) डलहौजी (B) वेलेस्ली

(C) कैनिंग (D) कर्जन

Who was the Governor General of India at the time of the revolt of 1857?

(A) Dalhousie (B) Wellesley

(C) Canning (D) Curzon

71. किस अधिनियम द्वारा बंगाल के सिपाहियों को समुद्र पार भेजने की व्यवस्था की गई ?

(A) सामान्य सेवा भर्ती अधिनियम, 1856 (C) व्यपगत का सिद्धांत

(C) 1853 का चार्टर अधिनियम (D) इनमें से कोई नहीं

By which Act a provision was made to send Bengal soldiers across the sea?

(A) General Service Enlistment Act of 1856 (B) Doctrine of lapse

(C) Charter act of 1853 (D) None of these

72.1857 के विद्रोह के समय फैजाबाद में “डंका शाह” के नाम से कौन विख्यात थे?

(A) शाहमल (B) मौलवी अहमदुल्लाह

(C) वाजिद अली शाह (D) हजरत महल

Who was famous as “Danka Shah” in Faizabad during the revolt of 1857?

(A) Shah Mal (B) Maulvi Ahmadullah

(C) Wajid Ali shah (D) Hazart Mahal

73. निम्नलिखित में से किसे अंग्रेजों ने फाँसी पर लटका दिया?

(A) नाना साहब (B) तॉत्या टोपे

(C) कुँवर सिंह (D) लक्ष्मीबाई

Who among the following was hanged by the British?

(A) Nana Saheb (B) Tantiya Tope

(C) Kunwar Singh (D) Lakshmibai

74. निम्नलिखित में से किसने 1857 के विद्रोह को 'हिन्दू–मुस्लिम षड़यंत्र का परिणाम' माना?

(A) रीज (B) जेम्स आउट्रम

(C) होम्स (D) मार्क्स

Who among the following considered the revolt of 1857 as ‘the result of Hindu-Muslim conspiracy’?

(A) Reese (B) James Outram

(C) Holmes (D) Marx

75. 1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण क्या था?

(A) व्यपगत का सिद्धांत (B) सती प्रथा का उन्मूलन

(C) ईसाई धर्म का प्रचार (D) चर्बी वाले कारतूस

What was the immediate cause of the revolt of 1857?

(A) Doctrine of lapse (B) Abolition of Sati System

(C) Propagation of Christianity (D) Grease cartridges

76. गेटवे ऑफ इंडिया कहाँ स्थित है?

(A) दिल्ली (B) कलकत्ता

(C) मद्रास (D) बॉम्बे

Where is the Gateway of India Located?

(A) Delhi (B) Calcutta

(C) Madras (D) Bombay

77. सम्पूर्ण भारत की जनगणना कराने का पहला प्रयास कब किया गया?

(A) 1861 (B) 1870

(C) 1872 (D) 1882

When was the first attempt made to conduct a census of the whole of India?

(A) 1861 (B) 1870

(C) 1872 (D) 1882

78. 1878 में सर्वे ऑफ इण्डिया की स्थापना क्यों की गई?

(A) नक्शा तैयार करने के लिए (B) पुरातात्विक अन्वेषण के लिए

(C) राजस्व का निर्धारित करने के लिए (D) जनगणना के लिए

Why was the Survey of India established in 1878?

(A) To prepare the map (B) For archaeological exploration

(C) To determine the revenue (D) For the census

79. महात्मा गांधी के राजनीतिक गुरु कौन थे?

(A) लाला लाजपत राय (B) दादाभाई नौरोजी

(C) गोपाल कृष्ण गोखले (D) विवेकानन्द

Who was Mahatma Gandhi Political Guru?

(A) Lala Lajpat Rai
(B) Dadabhai Naoroji
(C) Gopal Krishna Gokhale
(D) Vivekananda

80. गाँधीजी ने ''साबरमती आश्रम'' की स्थापना कहाँ की?

(A) अहमदाबाद
(B) सूरत
(C) बम्बई
(D) चम्पारण

Where did Gandhiji establish the Sabarmati Ashram?

(A) Ahmedabad
(B) Surat
(C) Bombay
(D) Champaran

81. कॉंग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच लखनऊ पैक्ट कब हुआ?

(A) 1906
(B) 1911
(C) 1916
(D) 1917

When was the Lucknow Pact signed between Congress and Muslim League?

(A) 1906
(B) 1911
(C) 1916
(D) 1917

82. अहमदाबाद के कपड़ा मिल मजदूरों का आंदोलन कब हुआ?

(A) 1916
(B) 1917
(C) 1918
(D) 1919

When did the movement of textile mill workers of Ahmedabad take place?

(A) 1916
(B) 1917
(C) 1918
(D) 1919

83. 1919 में दिल्ली में अखिल भारतीय खिलाफत सम्मेलन के अध्यक्ष कौन थे?

(A) मोहम्मद अली
(B) शौकत अली
(C) अबुल कलाम आजाद
(D) गांधीजी

StudyRaw.Com

Who was the President of the All India Khilafat conference in Delhi in 1919?

(A) Mohammad ali (B) Shaukat Ali

(C) Abul kalam Azad (D) Gandhiji

84. गाँधी जी ने असहयोग आंदोलन कब आरंभ कर दिया?

(A) अगस्त 1920 (B) जून 1920

(C) सितंबर 1920 (D) फरवरी 1922

When did Gandhi ji start the Non-Cooperation movement?

(A) August 1920 (B) June 1920

(C) September 1920 (D) February 1922

85. निम्नलिखित में से कौन साइमन कमीशन के सदस्य थे?

(A) मोतीलाल नेहरु (B) चित्तरंजन दास

(C) गाँधीजी (D) इनमें से कोई नहीं

Who among the following was the member of Simon Commission?

(A) Motilal Nehru (B) Chittaranjan Das

(C) Gandhiji (D) None of these

86. दिसम्बर 1929 में कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन कहाँ हुआ?

(A) दिल्ली (B) लाहौर

(C) कलकत्ता (D) बम्बई

Where was the annual session of the Congress held in December 1929?

(A) Delhi (B) Lahore

(C) Calcutta (D) Bombay

87. "गाँधी–इर्विन समझौता" कब हुआ?

(A) जनवरी 1931 (B) फरवरी 1931

(C) मार्च 1931 (D) अप्रैल 1931

When did the “Gandhiji-Irwin Pact” take place?

(A) January 1931 (B) February 1931

(C) March 1931 (D) April 1931

88. अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह करने वाली रानी गैडिनल्यू कहाँ की थीं?

(A) मणिपुर (B) नागालैंड

(C) मिजोरम (D) त्रिपुरा

Where was Rani Gaidinliu, who rebelled against the British, from?

(A) Manipur (B) Nagaland

(C) Mizoram (D) Tripura

89. सांप्रदायिक पंचाट की घोषणा कब हुई?

(A) जुलाई 1932 (B) अगस्त 1932

(C) सितंबर 1932 (D) दिसंबर 1932

When was the communal Awarded?

(A) July 1932 (B) August 1932

(C) September 1932 (D) December 1932

90. 7 अगस्त 1942 को बंबई कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए किसने “भारत छोड़ो” प्रस्ताव पेश किया?

(A) गाँधीजी (B) जवाहर लाल नेहरु

(C) सुभाष चन्द्र बोस (D) मौलाना अबुल कलाम आजाद

Who presented the “Quit India” resolution while presiding over the Bombay Congress session on 7 August 1942?

(A) Gandhiji (B) Jawahar lal Nehru

(C) Subhash Chandra Bose (D) Maulana Abul Kalam Azad

91. 21 अक्टूबर 1943 को सुभाष चन्द्र बोस ने “स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार” कहाँ स्थापित की?

(A) सिंगापुर (B) टोक्यो
(C) मणिपुर (D) अंडमान

Where did Subhash Chandra Bose establish the “Provisional Government of Free India” on 21 October 1943?

(A) Singapore (B) Tokyo
(C) Manipur (D) Andaman

92. निम्नलिखित में से कौन कैबिनेट मिशन का सदस्य नहीं था?

(A) लॉरेंस (B) अलेक्जेंडर
(C) क्रिप्स (D) वेवेल

Who among the following was not a member of the Cabinet Mission?

(A) Lawrence (B) Alexander
(C) Cripps (D) Wavell

93. क्लीमेंट एटली ने यह घोषणा कब की कि ब्रिटिश शासन जून 1948 तक भारत छोड़ देगा?

(A) जनवरी 1947 (B) फरवरी 1947
(C) मार्च 1947 (D) अप्रैल 1947

When did Clement Attlee announce that British rule would leave India by June 1948?

(A) January 1947 (B) February 1947
(C) March 1947 (D) April 1947

94. भारत का विभाजन ब्रिटिश शासन की किस योजना का परिणाम है?

(A) बाल्कन योजना (B) वैवेल योजना
(C) क्रिप्स योजना (D) कैबिनेट मिशन योजना

The partition of India is the result of which plan of British rule?

(A) Balkan plan (B) Wavell plan

(C) Cripps plan (D) Cabinet Mission plan

95. संविधान सभा की पहली बैठक की अध्यक्षता किसने की?

(A) डॉ. राजेंद्र प्रसाद (B) डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा

(C) महात्मा गांधी (D) जवाहर लाल नेहरु

Who presided over the first meeting of the constitution Assembly?

(A) Dr. Rajendra Prasad (B) Dr. Sachidanand Sinha

(C) Mahatma Gandhi (D) Jawahar Lal Nehru

96. संविधान का निर्माण कब पूरा हुआ?

(A) 1945 (B) 1946

(C) 1947 (D) 1949

When was the creation of the Constitution completed?

(A) 1945 (B) 1946

(C) 1947 (D) 1949

97. हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की वकालत संविधान सभा में किसने की?

(A) गाँधीजी (B) राजेन्द्र प्रसाद

(C) आर.वी. धुलेकर (D) के.एम. मुंशी

Who advocated making Hindi the national language in the Constituent Assembly?

(A) Gandhiji (B) Rajendra Prasad

(C) R.V. Dhulkar (D) K.M. Munshi

98. अंतरिम सरकार में गृहमंत्री कौन थे?

(A) बी.आर. अंबेडकर (B) जगजीवन राम

(C) वल्लभभाई पटेल (D) बलदेव सिंह

Who was the Home Minister in the interim governments?

(A) B.R. Ambedkar (B) Jagjivan Ram

(C) Vallabhbhai Patel (D) Baldev Singh

99. 'न्यू इंडिया' और 'कॉमनवील' अखबार किसने प्रकाशित किया?

(A) तिलक (B) एनी बेसेंट

(C) गाँधीजी (D) मदन मोहन मालवीय

Who published the newspapers "New India" and "Commoneweal"?

(A) Tilak (B) Annie Besant

(C) Gandhiji (D) Madan Mohan Malaviya

100. ''सीमांत गाँधी'' के रुप में कौन जाने जाते थे?

(A) अब्दुल गफ्फार खान (B) अबुल कलाम आजाद

(C) के.एम. मुंशी (D) विनोबा भावे

Who was known as "Frontier Gandhi"?

(A) Abdul Ghaffar Khan (B) Abul Kalam Azad

(C) K.M. Munshi (D) Vinoba Bhave

## खण्ड–ब/SECTION-B
## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 30 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। अधिकतम 50 शब्दों मे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दें।

$15 \times 2 = 30$

*Question Nos. 1 to 30 are short Answer Type Questions. Answer any 15 questions. Each question carries 2 marks. Answer in not more than 50 words each.*

$15 \times 2 = 30$

1. सिंधु घाटी सभ्यता के दो प्रमुख स्थलों और उनके उत्खननकर्ताओं का नाम लिखें। 2

   Write the names of two major sites of Indus Valley Civilization and their excavators.

2. सिंधु घाटी सभ्यता में सिंचाई के लिए उपयोग में लाए जाने वाले साधनों के नाम लिखें। 2

   Write the names of the means used for irrigation in the Indus Valley Civilization.

3. मौर्य साम्राज्य के किन्हीं चार प्रमुख राजनीतिक केन्द्रों के नाम लिखें। 2

   Write the names of any four major political centres of the Mauryan Empire.

4. कुषाण शासक अपने नाम के आगे 'देवपुत्र' की उपाधि क्यों लगाते थे? 2

   Why did Kushana rulers use the title of "Devaputra" before their names?

5. महाभारत में वर्णित विवाह के किन्हीं चार प्रकार के नाम लिखें। 2

Write the names of any four types of marriages described in Mahabharata.

6. वर्ण और जाति में कोई दो अंतर बताएें। 2

Mention any two differences between Varna and Caste.

7. बुद्ध की शिक्षाओं का प्रसार किन चार देशों में हुआ? 2

In which four countries did Buddha's teaching spread?

8. एलोरा के कैलाशनाथ मंदिर का निर्माण कैसे हुआ? 2

How was the Kailashnath temple of Ellora built?

9. इब्न बतूता कौन था? वह किसके शासनकाल में भारत आया था? 2

Who was Ibn Battuta? During whose whose reign did he come to India?

10. अल–बिरुनी ने किताब–उल–हिन्द क्यों लिखा? 2

Why did Al-Biruni write Kitab-ul-Hind?

11. किन्हीं चार नयनार संतों के नाम लिखें। 2

Write the names of any four Nayanar Saints.

12. मीराबाई कौन थी और वह किसकी भक्त थी? 2

Who was Mirabai and whose devotee was sheg?

13. टमर–नायक प्रणाली क्या थी? 2

What was the Amar Nayak System?

14. विजयनगर की यात्रा करने वाले चार विदेशी यात्रियों के नाम लिखें। 2

Write the names of four foreign travelles who visited Vijayanagara.

15. रहट क्या था? यह किसानों के लिए किस प्रकार उपयोगी था? 2

What was Rahat(Persian wheel)? How was it useful for farmers?

16. जिन्स–ए–कामिल क्या था? चार उदाहरण दें। 2

What was Jins-i-Kamil? Give four examples.

17. अकबर ने जजिया कर क्यों समाप्त किया? दो कारण लिखें? 2

Why did Akbar abolish Jizya tax? Write two reasons?

18. अबुल फजल ने किसे "इंसान–ए–कामिल" कहा था? 2

Whom did Abul Fazl call "Insan-e-Kamil"?

19. राजमहल के पहाड़िया कौन थे? 2

Who were the Pahariyas of Rajmahal?

20. अमेरीकी गृहयुद्ध ने भारत के कपास उत्पादकों को किस प्रकार प्रभावित किया? 2

How did the American Civil War affect Indian Cotton producers?

21. 1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण क्या था? 2

What was the immediate cause of the revolt of 1857?

22. वीर कुँवर सिंह क्यों प्रसिद्ध हुए? 2

Why did Veer Kunwar Singh became famous?

23. विनोदिनी दासी कौन थी? 2

Who was Vinodini Dasi?

24. गाँधीजी ने चम्पारण आन्दोलन क्यों किया? 2

Why did Gandhiji start the Camparan movement?

25. 1929 का लाहौर अधिवेशन क्यों महत्वपूर्ण था? 2

Why was the Lahore session of 1929 important?

26. कांग्रेस ने क्रिप्स प्रस्ताव को क्यों ठुकराया? 2

Why did Congress reject the Cripps Proposal?

27. आजाद हिन्द फौज का गठन कैसे हुआ? 2

How was the Azad Hind Fauj Formed?

28. खान अब्दुल गफ्फार खान कौन थे? 2

Who was Khan Abdul Gaffar Khan?

29. भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को क्यों लागू किया गया? 2

Why was the Constitution of India implemented on 26 January 1950?

30. जयपाल सिंह ने संविधान सभा में आदिवासियों की सुरक्षा के लिए दलील क्यों की? काई दो कारण लिखें। 2

Why did Jaipal Singh argue for the protection of tribal in the Constituent Assembly? Write two reasons.

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / **Logng Answer Type Questions**

*प्रश्न संख्या 31 से 38 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित है। 100–120 शब्दो में प्रत्येक का उत्तर दें।*

$\mathbf{4 \times 5 = 2}$

*Question No. 31 to 38 are Long Answer Type Questions. Answer any 4 questions. Each question carries 5 marks. Answer in not more than 100-120 words each.*

$4 \times 5 = 20$

31. सिंधु घाटी सभ्यता के धार्मिक जीवन का विवेचना करें। 5

Discuss the religious life of the Indus Valley Civilization.

32. बौद्ध मूर्तिकला के विकास का वर्णन करें। 5

Describe the development of Buddist sculpture.

33. भक्ति आंदोलन पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें 5

Write a short note on Bhakti movement.

34. मुगलों के केन्द्रीय प्रशासन का वर्णन करें। 5

Describe the central administration of the Mughals.

35. संथाल विद्रोह के कारण और स्वरुप पर प्रकाश डालें। 5

Throw light on the causes and nature of santhal revolt.

36. 1857 के विद्रोह का क्या परिणाम हुआ? इसने राष्ट्रवाद को कैसे विकसित किया? 5

What were the results of the revolt of 1857? How did it develop nationalism?

37. भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में गाँधीजी की भूमिका का मूल्यांकन करें। 5

Evaluate the role of Gandhiji in the Indian freedom movement.

38. संविधान सभा ने भाषा–विवाद के प्रश्न को कैसे सुलझाया? 5

How did the Constituent Assembly resolve the question of language controversy? 5